भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

## चरण - ।। की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा अधिकारी ग्रेड 'अ' सहायक प्रबंधक (सामान्य, विधिक, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, राजभाषा, इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल) और इंजीनियरिंग (सिविल)

**कृपया ध्यान दें कि यदि आपने दो विधाओं के लिए आवेदन तथा अर्ह/पात्र किया है/हो, इस परिस्थिती में आपको एक ही सत्र में दोनों विधा के पेपर 2 में उपस्थित होना होगा । (हालांकि बुलावा पत्र जारी करते समय केवल एक ही आवेदन क्रमांक (नवीनतम) का उल्लेख किया गया है तथा एक ही रोल नम्बर प्रशासनिक उद्देश्य के लिए उत्पन्न किया गया है।) दोनों पदों के नाम बुलावा पत्र पर अंकित होंगे ।**

**परीक्षा के पूरा होने के बाद, उम्मीदवारों को बिना उपद्रव/चर्चा के परीक्षा हॉल/लैब से एक व्यवस्थित तरीके से बाहर जाना चाहिए । यदि किसी उम्मीदवार के खिलाफ ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।**

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक प्रकार की प्रश्नावलियां होंगी:

### परीक्षा का स्वरूप - फेज II

**पेपर 1: सभी धाराओं के लिए सामान्य**

| पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | कट-ऑफ | भारिता |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग्रेजी (लेखन कौशल जांचने के लिए वर्णनात्मक परीक्षा)<br>**निबंध लेखन - 30 अंक, संक्षेपण - 30 अंक और बोधगम्यता - 40 अंक** | 3 | 100 | 60 मिनट | 30% | 1/3rd |

**पेपर 2: सामान्य धारा :**

| पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | कट-ऑफ | भारिता |
|---|---|---|---|---|---|
| वाणिज्य, लेखा, प्रबंधन, वित्त, लागत, कंपनी अधिनियम और अर्थशास्त्र विषयों पर बहुविल्पीय प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकार) | 100 | 100 | 90 मिनट | 40% | 2/3rd |

**पेपर 2: विधिक स्ट्रीम :**

| पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | कट-ऑफ | भारिता |
|---|---|---|---|---|---|
| स्ट्रीम से संबंधित विशिष्ट प्रश्न (बहुविकल्पी प्रश्न /वस्तुनिष्ठ प्रकार ) | 70 | 70 | 60 मिनट | 40% | 2/3rd |
| स्ट्रीम से संबंधित विशेष विषय पर 10 अंक के 3 वर्णनात्मक प्रश्न | 3 | 30 | 60 मिनट | | |

**पेपर 2: सूचना प्रौद्योगिकी :**

| पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | कट-ऑफ | भारिता |
|---|---|---|---|---|---|
| स्ट्रीम से संबंधित विशिष्ट प्रश्न (बहुविकल्पी प्रश्न /वस्तुनिष्ठ प्रकार ) लॉजिक फ्लो पूरा करना, डिबगिंग, सिंटैक्स समझना, प्रोग्राम ड्राय रन आउटपुट्स, डेटा विश्लेषण, आदि का मिश्रण। | 100 | 100 | 180 Minutes | 40% | 2/3rd |

**पेपर 2: अनुसंधान धारा :**

| पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | कट-ऑफ | भारिता |
|---|---|---|---|---|---|
| अर्थशास्त्र, वित्तीय मार्केट और सांख्यिकी<br>(वर्णनात्मक परीक्षा में व्यवहारिक गहन ज्ञान और प्रारूपण कौशल) | 5<br>(अनुभाग A वित्तीय मार्केट)<br>{ 4 में से 2 प्रश्न हल करने होंगे-प्रत्येक प्रश्न 25 अंक का होगा}<br>अनुभाग B अर्थशास्त्र<br>{ 4 में से 2 प्रश्न हल करने होंगे-प्रत्येक प्रश्न 12.5 अंक का होगा}<br>अनुभाग C सांख्यिकी<br>{ 3 में से 1 प्रश्न हल करने होंगा-प्रत्येक प्रश्न 25 अंक का होगा} | 100 | 120 मिनट | 40% | 2/3rd |

**पेपर 2: राजभाषा अधिकारी स्ट्रीम :**

| पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | कट-ऑफ | भारिता |
|---|---|---|---|---|---|
| स्ट्रीम विशिष्ट प्रश्न (वर्णनात्मक परीक्षा)**<br>**<br>एक साधारण पैरा (150 शब्दों का) - अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद (20 marks),<br>एक साधारण पैरा (150 शब्दों का) - हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद (20 marks)<br>एक तकनीकी या विधिक (legal or technical) पैरा - अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद (20 marks)<br>एक तकनीकी या विधिक (legal or technical) पैरा - हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद (20 marks)<br>कार्यालय में प्रयोग होने वाली टिप्पणियाँ (notings) - (5 टिप्पणियाँ) - अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद (5 marks)<br>कार्यालय में प्रयोग होने वाली टिप्पणियाँ (notings) - (5 टिप्पणियाँ) हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद (5 marks)<br>छोटे-छोटे वाक्य (sentences) - अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद (5 marks)<br>छोटे-छोटे वाक्य (sentences) - हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद (5 marks) | 8 | 100 | 90 **मिनट** | 40% | 2/3rd |

**पेपर 2: इंजीनियरिंग स्ट्रीम (इलेक्ट्रीकल / सिविल):**

| पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | कट-ऑफ | भारिता |
|---|---|---|---|---|---|
| स्ट्रीम से संबंधित विशिष्ट प्रश्न (बहुविकल्पी प्रश्न /वस्तुनिष्ठ प्रकार ) | 50 | 100 | 40 मिनट | 40% | 2/3rd |

परीक्षा के लिए अधिकतम समय 240 मिनट (पेपर 1 - 60 मिनट और पेपर 2 - 180 मिनट) है; (चयनित धारा के आधार पर) तथापि आपको उपस्थिति दर्ज कराने, फोटो आईडी प्रूफ की फोटोकॉपी के साथ बुलावा पत्र जमा करने, लॉग इन करने आदि के लिए आवश्यक समय सहित लगभग 300 मिनट तक केंद्र पर रहना पड सकता है, **इसके अलावा यदि कोई उम्मीदवार दो स्ट्रीम के लिए आवेदन करता है, तो उसे 300 मिनट से अधिक समय तक केंद्र पर रहना होगा ।**

**पेपर 1 अंग्रेजी (वर्णनात्मक प्रश्नपत्र) लेखन कौशल (वर्णनात्मक प्रश्नपत्र): अंग्रेजी पर प्रश्नपत्र अभिव्यक्ति और विषय की समझ सहित लेखन कौशल का आकलन करने के लिये बनाया जाएगा । इस प्रश्नपत्र में निबंध लेखन, संक्षेपण और बोधगम्यता आदि पर आधारित प्रश्न हो सकते हैं। उम्मीदवारों को कंप्यूटर के की बोर्ड की मदद से जवाब टाइप करना होगा । अंग्रेजी (वर्णनात्मक प्रश्नावली) केवल अंग्रेजी में उपलब्ध कराई जायेगी। वर्णनात्मक प्रश्न कंप्यूटर के परदे पर प्रदर्शित होंगे। वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर कुंजी पटल का प्रयोग करके टंकित करना है। वर्णनात्मक पत्र में प्रश्नों का उत्तर टंकित करना शुरू करने से पहले कृपया कुंजी पटल की सभी कुंजियों के कार्य की जांच कर लें। प्रश्न का उत्तर देने के लिये आपको 60 मिनट मिलेंगे।**

**पेपर 2 - सामान्य, इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रीकल, सिविल), और विधिक (वस्तुनिष्ठ विभाग):** सभी प्रश्न बहुविकल्प होंगे । आबंटित समय 90 मिनट, 40 मिनट, 60 मिनट के अंदर आप किसी भी प्रश्न का उत्तर किसी भी समय दे सकते हैं। प्रश्न के पाँच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में एक चौथाई अंक काट लिए जायेंगे।**

**पेपर 2 - विधिक, अनुसंधान, और राजभाषा (वर्णनात्मक विभाग) :** प्रश्न स्क्रीन पर दिखाए जाएंगे और उम्मीदवारों को उत्तर की-बोर्ड की सहायता से टाइप करने होंगे । उम्मीदवार प्रश्न का आवश्यकतानुसार अंग्रेजी एवं हिंदी में उत्तर दे सकते है । हिन्दी टाईपिंग हेतु उम्मीदवारों को निम्नलिखित कीबोर्ड लेआउट का ज्ञान होना चाहिए:

i. Inscript

ii. Remington (GAIL)

पेपर I के लिए न्यूनतम 30% का कट-ऑफ होगा और चरण II के पेपर 2 के लिए न्यूनतम 40% का कट-ऑफ होगा।

चरण II के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने के लिए उम्मीदवारों को प्रत्येक पेपर में अलग-अलग कट-ऑफ के साथ-साथ चरण II परीक्षा में 50% के कुल कट-ऑफ अंक प्राप्त करने होंगे। (**पेपर** 1 **के लिए** 1/3 **भारिता और पेपर** 2 **के लिए** 2/3 **भारिता**) चरण III परीक्षा प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए किया जाएगा।

ऊपर उल्लिखित मानदंडों के अधीन, चरण III यानी साक्षात्कार के लिए रिक्तियों की संख्या के 3 गुना के बराबर उम्मीदवारों को योग्यता के क्रम में शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची भा. प्र. वि. बो. की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न

### पेपर-I - अंग्रेजी - वर्णनात्मक प्रश्नपत्र

**Q.1. Write an essay on ONE of the following topics in about 400 words.**

1. Three effective measures to eradicate illiteracy in India. Explain how the measures suggested by you will be effective.
2. It is often said that computerization results in unemployment. Do you agree? Explain.
3. High Rise Buildings: Infrastructural and Environmental Issues.

**Q.2. Write a précis of the following passage in about 120 words, and give it a title.**

Christian Reed, a project manager, has worked at the Tata Steel plant—Britain's biggest—for 11 years. His father worked in the local steel industry for 40 years, and his grandfather was a foundry worker. "It's very difficult to contemplate losing the plant," he says. "It would be like losing a member of the family."

The fate of his job and those of about 4,300 other Port Talbot steelworkers, as well as Britain's loss-making steel industry in general, have become the most poignant part of the political row that has erupted in Britain since Tata Steel, Britain's biggest producer, said in late March that it planned to sell or close its operations in the country. Opposition politicians have demanded that the government engineer a rescue, either by erecting high tariff walls against cheap steel imports, as America has done, or by going for some sort of nationalisation, as Italy has attempted with the ill-starred Ilva plant in the heel of the country. On April 5th a potential rescuer, Sanjeev Gupta of Liberty House, a commodity-trading company, said he was interested in buying the Port Talbot business, though he wants plenty of government sweeteners before doing so. He has called Britain's steel industry "probably the worst in the world."

There are few parts of the rich world where steel remains a good business, however. Port Talbot's woes are indicative of a global problem—especially in places where makers of unspecialised steel face competition from cheaper producers.

In the eyes of many, including the Welsh steelworkers, the main bogeyman is China, where steel output has ballooned. The country has produced more steel in two years than Britain since 1900, according to the International Steel Statistics Bureau, and is indeed awash with excess capacity. But this is part of a phenomenon that extends across the developing world. The OECD, a club mostly of rich countries, reckons that in the four years to 2017 steelmaking capacity will have grown by 50% in the Middle East, 20% in Africa and 10% in Latin America.

Meanwhile, the China-led slowdown in developing economies and low oil prices, which have hit the use of steel in rigs and pipelines, mean that demand is severely lagging supply. Even in India, which is supposed to be the bright spot of the global steel market, demand growth is unlikely to recover to levels in the years before 2010 when it embarked on a debt-fuelled infrastructure construction binge.

**Q.3. English Comprehension based on a passage.**

**Read the following passage carefully and answer the questions that follows.**

In this age, when the popular involvement in day-to-day matters in mounting, it is the electronic systems that offer us a potential service infrastructure which could, with careful programming, probably take care of a very large element of what we describe as mechanical, procedural governance without all the distortions, corruptions and harassments which constitute the daily misery of the average citizen. Of course, the electronic systems will only behave to the extent that they are properly programmed. But this is no impossible task today.

Once we move our minds beyond the mere use of the electronic revolution for business efficiency and higher profitabilities and apply it to the task of reducing the routine, repetitive activities of governance, we will conserve time and energy for more important and creative tasks. In other words, the electronic revolution can make for better and more effective handling of real everyday problems, additionally to providing the basic service of computerized information banks. Even in less developed conditions, the potential of the electronic network to take over a great deal of what is called bureaucratic "paper work" has been vividly demonstrated. Licensing system involving endless form filling in endless copies; tax matters which baffle millions of citizens, particularly those who have nothing to hide; election system which require massive supervisory mobilizations or referendums based on miniscule "samples" which seldom reflect the reality at the social base. At all these points, the electronic advantage is seen and recognized. However, we must proceed further.

It is possible to foresee a situation where the citizen, with his personalized computer entry card, his "number", is able to enter the electronic network for a variety of needs now serviced by regiments of officials, high and low. Indeed, this is already happening in a number of countries. From simple needs, we will move to more complex servicing, and, ultimately, into creativity or what is called "artificial intelligence".

**Q. (i)** What does the term "bureaucratic paper work" refer to?

**Q. (ii)** How has electronic revolution helped organisations in day-to-day activities?

**Q. (iii)** What is "artificial intelligence"?

**पेपर - II**

**कृपया ध्यान दे कि पेपर - II के प्रश्न विज्ञापन में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे ।**

## सामान्य

**प्र.1.** Q अनुपात किसका मापन करता है ?

(1) औसत कुल आस्तियों पर समग्र अर्जनों
(2) प्रति इक्विटी शेयर पर उपलब्ध लाभ के अनुपात
(3) अचल आस्तियों और दीर्घावधि देयताओं पर अर्जनों
(4) सभी आस्तियों की उनकी प्रतिस्थापन लागत की तुलना में कर्ज के साथ-साथ इक्विटी के बाजार मूल्य
(5) प्रति इक्विटी शेयर के बही मूल्य तथा बाजार मूल्य के बीच संबंध

**प्र.2.** NPS योजना के तहत, गैर-सरकारी क्षेत्र के अभिदाता _____ वर्ष की आयु तक प्रणाली में बने रहेंगे जब तक कि PFRDA द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से निकासी (exit) का विकल्प प्रयोग न किया जाए।

(1) नब्बे (2) पचासी (3) अस्सी (4) पचहत्तर (5) सत्तर

## विधिक

**प्र.1.** कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत, केन्द्र सरकार इस अधिनियम के तहत लेखांकन और लेखांकन मानकों से संबंधित मामलों के लिए, अधिसूचना द्वारा, एक_______ का गठन कर सकती है।

(1) कंपनी विधि बोर्ड (2) राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (3) वित्तीय आसूचना इकाई
(4) गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (5) NITI आयोग

**प्र.2.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत, निम्न में से कौन सा अधिनियम के अंतर्गत यथा विचारित दंड न्यायालयों के वर्ग में **नहीं** आता है ?

(1) सत्र न्यायालय (2) द्वितीय वर्ग के न्यायिक मजिस्ट्रेट (3) कार्यपालक मजिस्ट्रेट
(4) लघुवाद न्यायालय (5) प्रथम वर्ग के न्यायिक मजिस्ट्रेट

### नमूना प्रश्न - वर्णनात्मक

**प्र.1. दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के अंतर्गत निगमित देनदार की परिसमापन की दशा में आस्तियां कैसे वितरित की जाती हैं** ?

## सूचना प्रौद्योगिकी

**प्र.**1 सी C++ में कम्पाइल-टाइम पॉलीमॉर्फिज्म मुख्यतः __________ और __________ का इस्तेमाल करके प्राप्त किया जाता है ।

(1) इनहेरिटेंस; पॉइंटर्स (2)वर्चुअल फंक्शन्स; इनहेरिटेंस
(3) फंक्शन ओवरलोडिंग; ऑपरेटर ओवरलोडिंग (4)डायनेमिक बाइंडिंग; बेस क्लास रेफरेंस
(5) कन्स्ट्रक्टर्स; डिस्ट्रक्टर्स

**प्र.** 2. निम्न में से कौन सा रेगेक्स (regex) एक ऐसे स्ट्रिंग से मैच करेगा जो समान डिजिट से प्रारंभ और समाप्त होता है?

(1) ^(\d).*\1$ (2) ^(\d)\d*\1$ (3) (\d).*?\1 (4) ^\d+\d$ (5) ^(\d)\1$

## अनुसंधान

**प्र.**1. इस वर्ष बजट ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती की संभावना को बढ़ाया है। इस वर्ष का बजट बाजार की अपेक्षाओं की तुलना में राजकोषीय रूप से अधिक तंग है। मज़बूत राजकोष से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में कटौती की संभावना बढ़ती है। तथापि, कुछ अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि बजट उत्तेजक नहीं है और इस वर्ष के अंत में भारतीय रिज़र्व बैंक को कुछ आराम मिल सकता है, इस प्रकार यह संभव है कि विकास पर ऋणात्मक आवेग (impulse) के बिना वित्तीय घाटा कम किया जा सके।

(i) बजट के उद्देश्य क्या हैं ?

(ii) भारतीय रिज़र्व बैंक CRR और रेपो दर में कटौती की तकनीक क्यों अपनाता है ?

(iii) रुपया अवमूल्यन या मूल्यह्रास - यह निर्यात/आयात को कैसे प्रभावित करता है ?

## राजभाषा

प्र..1 अंग्रेजी में दिए गए परिच्छेद का हिन्दी अनुवाद कीजिए । अपना उत्तर केवल देवनागरी लिपि में लिखें।

Clean water is one of the most essential resources for life on Earth. It is necessary for drinking, cooking, agriculture, sanitation, and maintaining overall health. Without access to clean water, people are exposed to dangerous diseases such as cholera, dysentery, and typhoid, which can be life-threatening, especially for children. Clean water helps maintain proper hygiene, reduces the spread of infections, and improves the quality of life in communities. It also plays a vital role in food production, as crops and livestock depend on safe water for growth and survival. In addition, clean water supports ecosystems by sustaining plants, animals, and aquatic life. Unfortunately, water pollution caused by industrial waste, plastic, and untreated sewage is reducing the availability of safe water worldwide. Therefore, conserving water, preventing pollution, and using water responsibly are crucial responsibilities of every individual. Protecting clean water today ensures a healthier population, a stronger environment, and a sustainable future for coming generations.

प्र. .2हिन्दी में दिए गए परिच्छेद का अंग्रेजी अनुवाद कीजिए । अपना उत्तर केवल अंग्रेजी में लिखें। (रोमन लिपि)

भारत की विदेश नीति शांति, गुटनिरपेक्षता और पारस्परिक सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने एक स्वतंत्र विदेश नीति अपनाई है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देती है। भारत शांतिपूर्ण सहअस्तित्व-, संप्रभुता के सम्मान और अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने में विश्वास करता है। गुटनिरपेक्षता की नीति भारत को रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने और सैन्य गठबंधनों से दूर रहने में सहायता करती है। हाल के वर्षों में भारत की विदेश नीति पड़ोसी देशों, प्रमुख वैश्विक शक्तियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ संबंध मजबूत करने पर केंद्रित रही है। यह आर्थिक कूटनीति, वैश्विक सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी जोर देती है। संयुक्त राष्ट्र, जी 20 और अन्य वैश्विक मंचों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत वैश्विक शांति, विकास और सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

## इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल)

**प्र.1.** एक 12 kW, 440V, 3 फेज इंडक्शन मोटर की पूर्ण एफिसिएंसी और पावर फैक्टर क्रमशः 85% और 0.8 लैग हैं। 220V पर ब्लॉक्ड रोटर लाइन करंट 45A है। यदि मोटर, स्टार-डेल्टा स्टार्टर के साथ उपलब्ध है, तो स्टार्टिंग का फुल लोड करंट से अनुपात की गणना कीजिए। मैग्नेटिक करंट की उपेक्षा कीजिए ।

(1) 11.13A (2) 3.561A (3) 2.256A (4) 22.52A (5) 5.363A

**प्र.2.** एक अल्टरनेटर को किसी अन्य अल्टरनेटर या कॉमन बस-बार्स के साथ समानांतर रूप से कनेक्ट करने के ऑपरेशन को _______ के नाम से जाना जाता है।

(1) सिंक्रोनाइजिंग (2) सेल्फ-स्टार्टिंग (3) रेगुलेटिंग (4) ब्रेकिंग (Braking) (5) कम्पेंसेटिंग

## इंजीनियरिंग (सिविल)

**प्र.1.** स्पैन l का फिक्स्ड एंड (end) मोमेंट तथा एंड्स पर फिक्स्ड, एक सेंट्रल पॉइंट लोड P के अधीन, ____ होता है ।

(1) Pl/2 (2) Pl/5 (3) Pl/12 (4) Pl/16 (5) Pl/8

**प्र.2.** अपशिष्ट और जल के किसी अनसीडेड मिश्रण के लिए डाइल्यूशन फैक्टर P 0.030 है। मिश्रण का DO आरंभ में 9.0 mg/L रहता है और पांच दिन बाद वह 3.0 mg/L तक ड्रॉप हो जाता है। रिएक्शन रेट कॉन्स्टैंट k को 0.22 $day^{-1}$ पाया गया। अपशिष्ट का पांच-दिन BOD क्या है ?

(1) 210 mg/L (2) 120 mg/L (3) 200 mg/L (4) 300 mg/L (5) 220 mg/L

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण:**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी (वर्णनात्मक विभाग) के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

रिव्यू के लिए मार्क स्टेटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है । रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर पर अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा ।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(क) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

(ख) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(ग) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे । सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो सेक्शन आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा ।

(15) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(16) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) आप उस पेपर/अनुभाग के लिए आवंटित समय के भीतर किसी भी समय किसी भी प्रश्न का प्रयास कर सकते हैं।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि “टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर” के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार भा. प्र. वि. बो. द्वारा निर्णीत अवधि के लिए पारीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) परीक्षा अवधि की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने ‘सबमिट’ बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(21) **कृपया नोट करें :-**

**(अ) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को “फाइनली सबमिट” करने नहीं दिया जाएगा ।**

**(ब) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

(22) वर्णनात्मक प्रश्न पत्र के लिए कृपया नोट करें :-


(ग) प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे।

(घ) एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।

(ङ) "टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' (Space bar) दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी' (Enter key) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (cursor) अगली पंक्ति में नहीं जाएगा । हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी' (Enter key) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (cursor) अगली पंक्ति में चला जाएगा । आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार (Space bar) / एंटर कुंजी (Enter key) को एक से अधिक बार दबाया जाएगा तो सिस्टम (system) उसे एक की स्ट्रोक (single keystroke) मानेगा (यानी कि एक स्पेस (Space) और एक एंटर (Enter) अगली लाइन में) ।

**महत्वपूर्ण :**

**यद्यपि नीचे दिखाया गया पैनल वस्तुनिष्ठ परीक्षा में भी दिया गया है पेपर 1, वस्तुनिष्ठ प्रश्न पेपर 2 (या और कहीं जहां उसकी आवश्यकता ना हो), लेकिन इसका उपयोग केवल वर्णनात्मक परीक्षा केवल ( विधिक, अनुसंधान और राजभाषा अधिकारी स्ट्रीम) में ही किया जाना है।**




**कृपया निम्नलिखित निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़ें :**

- भाषा चयन विकल्प के साथ एक पैनल दिखाई देगा जिसका इस्तेमाल वर्णनात्मक परीक्षा के दौरान किया जाना है। परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **“Exit” बटन पर क्लिक न करें**।
- हिन्दी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु हिन्दी भाषा का और अंग्रेज़ी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु अंग्रेज़ी भाषा का चयन करने के लिए दिए गए पैनल का इस्तेमाल करें।
- परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **“Exit” बटन पर क्लिक न करें**।
- कीबोर्ड ले आउट केवल अंग्रेज़ी (रोमन) में उपलब्ध होगा। उम्मीदवारों को इनस्क्रिप्ट और रेमिंग्टन (GAIL) का ज्ञान होना चाहिए, यदि वे वर्णनात्मक पेपर (पेपर 2) के प्रश्नों का उत्तर हिंदी में देना चाहते हैं।

**(ब) सामान्य निर्देश:**

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें (जो कॉल लेटर में प्रिंट किया गया हो) । देर से आने वालो कों अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भा. प्र. वि. बो. प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैलक्युलेटर (अलग या घडी के साथ) किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, मोबाईल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी भी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । पेपर 2 मे सामान्य विधा में सरल कैलकुलेटर का तथा अनुसंधान और अभियांत्रिकी में नॉन-प्रोग्रामेबल इलेक्ट्रानिक कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति है ।

उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन/पेजर सहित प्रतिबंधित वस्तुएं न लाएं, क्योंकि उन्हें संभाल कर रखने के इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है । यदि कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा देते समय किसी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए अथवा कदाचार का दोषी या अन्य उम्मीदवारों से/को सहायता प्राप्त करते हुए/देते हुए पाया जायेगा तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा । उम्मीदवार को सतर्क रहते हुए यह देखना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीदवार उसके उत्तरों की नकल न कर सके ।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावा पत्र पर चिपकाकर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटोयुक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें ।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/ फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटरहेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा ।

(7) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है ।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(8) परीक्षा स्थल पर फोटोग्राफ तथा IRIS कैप्चर किए जाएंगे । कैप्चर किए गए फोटो का मिलान अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अपलोड फोटो से किया जाएगा । आपको अपनी शक्ल आपके द्वारा अपलोड फोटो से बिलकुल नहीं बदलनी चाहिए।

**IRIS डाटा सत्यापन की स्थिति (मिलान होता है या नहीं) के लिए इससे संबन्धित अधिकारी का निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग /सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें:**

**(a) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।**

**(b) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटेक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा । अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें ।**

**(c) IRIS स्कैनिंग स्पर्शरहित है। स्कैनर तथा आँख के बीच आधे फीट की दूरी रखी जाएगी।**

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(9) भा. प्र. वि. बो. द्वारा ऐसे दोषी अभ्यर्थी या घोषित किए गए ऐसे अभ्यर्थी, जिसने फर्जी परीक्षा दी हो, या नकली दस्तावेज बनाया/बनाये हो/हों जिनके/जिसके साथ छेडछाड की गई हो, या गलत या झूठे कथन दिए हों, या महत्त्वपूर्ण जानकारी छिपाई हो, या परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अनियमित या गलत साधन का सहारा लिया हो, या परीक्षा भवन में अनुचित साधनों के प्रयोग का प्रयास किया हो, या परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार किया हो, को स्थायी रूप से या भा. प्र. वि. बो. द्वारा एक विनिर्दिष्ट अवधि हेतु, अभ्यर्थियों के चयन के लिए, उसके द्वारा आयोजित किसी भी साक्षात्कार में शामिल होने या किसी भी परीक्षा में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है । भा. प्र. वि. बो. ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध, जैसा आवश्यक समझा जाए, आगे की कार्रवाई कर सकता है ।

(10) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ भा. प्र. वि. बो. उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(11) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । आप अपने साथ इंक स्टाम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना पर्यवेक्षक को सौंप देना है ।

(12) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(13) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में किसी भी पद/विधा के लिये आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(14) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(15) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे भा. प्र. वि. बो. की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(16) (i) परीक्षा लेखक (स्क्राइब) की सुविधा लेने के इच्छुक शारीरिक रूप से निःशक्त अभ्यर्थियों को भा. प्र. वि. बो. की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन को विस्तारपूर्वक देखना चाहिए तथा ध्यानपूर्वक निर्देशों को पढना चाहिए ।

(ii) ऐसे अभ्यर्थियों को एक संयुक्त वचन/घोषणा प्रपत्र (परीक्षा लेखक (स्क्राइब) घोषणा पत्र) भी जमा करना चाहिए जिसे भा. प्र. वि. बो. की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(17) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे “The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024”. पर ध्यान दें ।

**आपको शुभकामनायें!**